
## खबर संक्षेप

### अजेय मण्डला पत्रिका प्रकाशन स्थानीय क्षेत्र के सामाज में एक अच्छी पहल-अभिनेता सोनू सूद



**मण्डला।** पिछले कुछ दिनों पहले बीएसवीपी द्वारा अजेय मंडला पत्रिका का प्रकाशन हुआ था जिसमें सामाज के अलग अलग विषयों पर महानुभावों के लेख विचार एवं सामाजिक गतिविधियों का लेख भी है मंडला के लिए एक गोरव का विषय है कि एक सामाजिक क्षेत्र में ऐसी संस्था जो अजय वंशकार के मार्गदर्शन पर लगभग सात वर्षों से काम कर रही है अजेय मंडला पत्रिका सामाज के जनजागरण को लेकर प्रत्येक वर्ष प्रकाशित होती है जो सामाज के विभिन्न क्षेत्रों में साकारात्मक कार्यों और विषयों को पहुंचाने में कार्य करती है। मंडला के प्रत्येक व्यपारी किसान युवा विद्यार्थी जन प्रतिनिधि सामाज के हर बुद्धिजीवी वर्ग तक यह पत्रिका जाती है खास बात यह कि यह अजेय मंडला पत्रिका मुम्बई के जाने माने सामाज सेवी अभिनेता सोनू सूद जी ने भी अध्ययन किया और पत्रिका प्रकाशन की शुभकामनाए भी दी और मंडला के लिए बीएसवीपी द्वारा सामाज में एक अच्छी पहल पत्रिका का एक अच्छा माध्यम है ऐसी पर्शनल अजय वंशकार और संतोष कुमार मरावी से चर्चा की

### प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम 20 जनवरी को

**मण्डला।** सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम द्वारा बैंकों के माध्यम से संचालित ''प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम'' का जागरूकता शिविर 20 जनवरी 2024 को दोपहर 12 बजे से आयोजित किया जाएगा।

## विद्यालय समस्याओं की आवाज उठाने पर छात्रों को प्राचार्या के श्राप का भय

# 17 सूत्रीय मांगों का दिया ज्ञापन

* मांग पूरी न होने पर दी आंदोलन की चेतावनी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/निवास



निवास का एकमात्र शासकीय महाविद्यालय जो लंबे अरसे से आधी अधूरी व्यवस्थाओं के बीच चल रहा है इस महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डॉ सदन मरावी 20 वर्षों से यहाँ जमीं हुई हैं उक्त प्रभारी प्राचार्य जबलपुर से आना-जाना करती हैं और मनमानी करते हुये रोजाना दिन के 1 या 2 बजे विद्यालय पहुँचती हैं और तीन चार घंटे ऑफिस में रहकर अपने कर्तव्यों की खानापूर्ति कर चली जाती है, उक्त विद्यालय में कई विषयों के रिक्त व्याख्याता शिक्षकों को पदस्थ करने का आवेदन निवेदन छात्रों और प्रतिनिधियों द्वारा अनेकों बार विभाग को करने के साथ वर्तमान के प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव जब उच्च शिक्षा मंत्री थे तब भी स्थानीय नेताओं व छात्रों द्वारा ज्ञापन देकर समस्या के निदान की गुहार लगाई गई थी, लेकिन आज दिनाँक तक कोई हल तो नहीं हुआ पर छात्रों के सिर ऊपर प्राचार्या के श्राप दे देने का भय जरूर बना हुआ है। ऐसी स्थिति में प्रभारी प्राचार्य की कार्यशैली भी निरंकुश हो चली है इस विद्यालय में छात्र दैनिक मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं लगातार शिकायतों के बाद भी निराकरण न हो पाने से आक्रोशित छात्रों ने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के छात्र प्रतिनिधियों की अगुवाई में विद्यालय के गेट में सत्रह बिंदुओं का शिकायत पत्र लेकर प्रभारी प्राचार्य के खिलाफ जमकर नारेबाजी की, आक्रोशित छात्रों ने प्राचार्य की शह पर संविदा लिपिक कर्मचारी के ऊपर छात्रों से लेन-देन का खुले तौर से आरोप लगाया और उक्त को हटाये जाने की भी बात कही। छात्र नेताओं ने लगभग एक घंटे तक प्राचार्य के समक्ष समस्याओं से संबंधित सवालों की झड़ी लगा दी जिसका संतोषजनक जवाब प्रभारी प्राचार्या नहीं दे पाई वहीं कुछ समस्याओ का 2-3 दिन में हल करने का वादा प्राचार्या ने किया है। छात्रों ने प्राचार्य पर गंभीर आरोप लगाये है जिनमें महाविद्यालय में शुद्ध पीने के पानी की व्यवस्था कराई जाए। महाविद्यालय में क्लास रूम की विधिवत साप्ताहिक साफ सफाई की व्यवस्था कराई जाए, साथ ही शौचालय की प्रत्येक दिन साफ सफाई एवं पानी की व्यवस्था कराई जाए। महाविद्यालय में गर्ल्स कॉमन रूम के साथ सीनेटरी पैड मशीन उपलब्ध करवाई जाए। महाविद्यालय में क्लास रूम पर्याप्त ना होने के कारण एक रूम में दो दो क्लास के बच्चों को बैठाया जाता है, जिससे पढ़ाई नहीं हो पा रही है, अतः महाविद्यालय में आवश्यकता अनुरुप अतिरिक्त क्लास रूम बनवाया जाए। महाविद्यालय में विद्यार्थियों के लिए खेल सामग्री उपलब्ध कराई जाए। महाविद्यालय में फास्टेड बॉक्स की व्यवस्था कराई जाए। महाविद्यालय में विद्यार्थियों से फीस तो ली जाती है परंतु आईडी कार्ड तक नहीं उपलब्ध कराया गया, अतः विद्यार्थियों को जल्द से जल्द आईडी कार्ड उपलब्ध कराया जाए। महाविद्यालय में बाउंड्री वॉल बनवाई जाए। महाविद्यालय में प्राचार्य महोदय आप का प्रतिदिन ना उपस्थित होना यह महाविद्यालय विद्यार्थियों के भविष्य के साथ बड़ा खिलवाड़ है, अगर महाविद्यालय में प्रतिदिन आने पर कोई दिक्कत हो रही हो तो उसपर विचार करें छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ ना करें, इस लिए महोदया महाविद्यालय में रेगुलर उपस्थिति रहें। प्राचार्य महोदया जी आपके द्वारा विद्यार्थियों की आवाज को दबाने व अपनी नाकामयाबी को छुपाने के लिए विद्यार्थियों को श्राप दे देंगे, फेल कर देंगे, टीसी पकड़ा देंगे ऐसा धमकी देना उचित नहीं है, ये सब बंद करें। रिजल्ट में आ रही गड़बड़ियों को लेकर विद्यार्थी काफी परेशान हो रहे है, महाविद्यालय प्रशासन द्वारा सही जानकारी ना देकर कई विद्यार्थियों के साथ अभद्रतापूर्वक बाते किया जाता है, जो की गलत है अतः विद्यार्थियों को सही जानकारी देकर महाविद्यालय प्रशासन द्वारा रिजल्ट में सुधार करवाया जाए। सभी सब्जेक्ट की रेगुलर क्लास नहीं लगती, अतः रेगुलर क्लास लगवाया जाए। महाविद्यालय में पर्याप्त मात्रा में सीसीटीवी कैमरा लगवाया जाए। लाइब्रेरी में अंग्रेजी और हिंदी के छात्र संख्या अनुसार पर्याप्त पुस्तके उपलब्ध कराई जाए एवं सिलेबस में उल्लेखित लेखक के अनुसार पुस्तकें उपलब्ध कराई जाएं। ट्रेनिग एंड प्लेसमेंट सेल को दुरुस्त किया जाए जिससे महाविद्यालय के विद्यार्थियों को रोजगार एवं प्रशिक्षण के लिए कहीं और न भटकना पड़े। समय-समय पर कैरियर काउंसलिंग का आयोजन निर्धारित किया जाए। क्षेत्रीय संभावनाएं के आधार पर महाविद्यालय में स्किल बेस कोर्स चालू कराया जाए। सभी मांगो पर विधिवत ध्यान देते हुए जल्द से जल्द कार्यवाही नहीं होने पर विद्यार्थी परिषद व सभी छात्रों के साथ मिलकर बड़े रूप में आंदोलन करने की चेतावनी भी दी है और कहा है कि कि इसके लिये महाविद्यालय प्रशासन ही जिम्मेदार होगा।



## जिले के 11 खिलाड़ी गुजरात में दिखाएंगे अपना हुनर




* सब जूनियर व जूनियर ओपन एथलेटिक्स प्रतियोगिता में खिलाड़ियों का चयन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

जिला एथलेटिक्स संघ मंडला के तत्वधान में विगत दिवस सब जूनियर, जूनियर एथलेटिक्स मीट का आयोजन महात्मा गांधी स्टेडियम में किया गया। जिसमें मंडला जिले के अंडर 16 और अंडर 14 बालक बालिकाओं ने अपनी सहभागिता की। एथलेटिक्स संघ सचिव देवेन्द्र सरोते ने बताया कि एथलेटिक्स सब जूनियर, जूनियर प्रतियोगिता में 100 बालक बालिकाओं ने सहभागिता की थी। जिसमें राष्ट्रीय स्तरीय एथलेटिक्स जूनियर प्रतियोगिता के लिए जिले से खिलाड़ियों का चयन किया गया।

राष्ट्रीय स्तरीय एथलेटिक्स जूनियर प्रतियोगिता 15 से 18 फरवरी तक गुजरात में आयोजित की जाएगी। इस प्रतियोगिता के लिए जिले के 11 खिलाड़ियों का चयन किया गया। 11 चयनित खिलाड़ियों में अनुराग मरकाम और शिवानी मार्को ट्रैथलॉन ए, रितेश मरावी और जानवी अडमाचे ट्रैथलॉन बी, निशा पन्द्रो और मनीष नरते ट्रैथलॉन सी, प्रवीण परते शॉट पुट, सरस्वती मरकाम 80 मीटर, यमन कोरचम भला फेक, अनुराग 60 मीटर रेस, दीपक लंबी कूद में इन खिलाड़ियों का चयन किया गया है।

चयनित खिलाड़ियों के उज्वल भविष्य की कामना के लिए एथलेटिक्स संघ अध्यक्ष वैभव गुप्ता, उपाध्यक्ष बसंत चौधरी, सचिव डॉ रमेश शुक्ला, जिला खेल अधिकारी रवीन्द्र ठाकुर, हेमंत सोनी, सुमित सिहरे, शैलेश दुबे, समीर बाजपाई, रूपेश ईसरानी, प्रदीप कछवाहा, पंकज उसराठे, त्रिलोक डोगरे, संतू खंडाते, रोहित मरावी, जगत मरकाम, यश सैनी, आकाश पटेल, डेविड मरावी, सोमनाथ भावेदी, अभिषेक यादव, शिवम (वाशु) सिंधिया, दीपेश पटेल ने बधाई दी है।



# खाली मैदान में अध दबा मिला अज्ञात महिला का शव

* मौके पर पहुंचा पुलिस प्रशासन, जांच में जुटी पुलिस।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

जिला मुख्यालय के नजदीक कोतवाली थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत बिझिंया के शारदा कालोनी में एक महिला का शव मिलने से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। महिला का शव करीब एक हफ्ते से अधिक पुराना लग रहा था। शव पुराना होने के कारण और आधा शव जमीन के अंदर और आधा शव जमीन के ऊपर दिख रहा था। जिसके कारण महिला का शव गल चुका था, जिसके कारण आसपास बदबू फैल रही थी। इसी बदबू के कारण क्षेत्र के लोगों ने इसकी जानकारी स्थानीय पुलिस को तत्काल दी। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची।

ज्ञात हो कि पुलिस सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची। जहां आसपास के क्षेत्र के लोगों से शव की शिनाख्त कराई, लेकिन शव की शिनाख्त समाचार लिखे जाने तक नहीं हो सकी। मौके पर पहुंची एसडीओपी श्रीमति अर्चना अहीर ने बताया कि शारदा कालोनी में मिले महिला का शव करीब एक हफ्ते पुराना लग रहा है। महिला की शिनाख्त नहीं हो पाई है, मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। महिला की पहचान के लिए पुलिस द्वारा प्रयास किया जा रहा है।



### फोरेंसिक टीम को बुलाया

ज्ञात हो कि अज्ञात महिला का शव मिलने के बाद क्षेत्र में तरह तरह की चर्चा शुरू हो गई। महिला कौन है, कहां से आई है, इस क्षेत्र में ऐसी घटना पहली बार हुई, ऐसी बातें चलती रही, लेकिन मौके पर पहुंची पुलिस टीम और संबंधित अधिकारी अज्ञात महिला के शव के विषय में ज्यादा जानकारी नहीं दे सके। इस घटना की जांच के लिए फोरेंसिक टीम को बुलाया गया है, जिसके बाद ही अज्ञात महिला की मौत के कारणों का पता चल सकेगा। आज बुधवार को टीम जांच के लिए आएगी। जिसके बाद शव का पीएम कराया जाएगा।

### रहवासी क्षेत्र में कैसे हुई घटना

बताया गया कि जिस क्षेत्र में अज्ञात महिला का शव मिला है, वह क्षेत्र पूरी तरह रहवासी क्षेत्र है। चारों तरफ आवासीय घर बने हुए है, जहां लोग रह रहे है। इसी के बीच एक खाली पड़े मैदान में कोई अज्ञात व्यक्ति आकर किसी अज्ञात महिला को जमीन में दबा कर चला गया, जिसकी भनक यहां के रहवासियों को भी नहीं लग सकी। इस घटना के बाद से क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाए हो रही है। फोरेंसिक जांच के बाद ही इस मामले का खुलासा हो सकेगा।

## रपटा घाट से निकाली गई कलश यात्रा एवं प्रभात फेरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



म.प्र. जन अभियान विकास परिषद, पतंजलि योग समिति, जिला योग आयोग समिति के संयुक्त तत्वाधान में श्री राम जन्मभूमि अयोध्या में भगवान के स्वरूप की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर प्रदेश में उत्सव का वातावरण निर्मित करने हेतु कलश यात्रा, प्रभात फेरी, धार्मिक स्थलों की स्वच्छता, दीपदान आदि गतिविधियों के आयोजन हेतु अभियान के रूप में कार्यक्रम करने के लिए आव्हान किया गया है। कार्यक्रम में नर्मदा के रपटा घाट से पड़ाव वार्ड राम मंदिर तक कलश यात्रा एवं प्रभात फेरी निकाली गई एवं स्वच्छता अभियान चलाकर साफ सफाई किया गया। सर्वप्रथम जन अभियान परिषद के जिला प्रभारी राजेंद्र चौधरी, ब्लॉक समन्वयक संतोष झरिया, पतंजलि योग समिति से रामगोपाल पटैल, जिला योग आयोग समिति के जिला प्रभारी के.डी. दुबे, जन अभियान से मेन्टर रागिनी हरदहा, आशीष नामदेव द्वारा कलश एवं श्री राम की पूजन अर्चन पश्चात कलश एवं संगीतमय रामधुन यात्रा निकली गई जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने सहभागिता की। यह यात्रा बैगा बैगी चौक, रेड क्रॉस, चिलमन चौक से होते हुए पड़ाव राम मंदिर में पहुंचकर संपन्न हुई।

आयोजन | विभिन्न समाजों के द्वारा लगेंगे 22 विशाल भंडारे

# 22 जनवरी को राममय होगा मण्डला

* सुंदर काण्ड पाठ के दौरान होगी पुष्पवर्षा एवं आतिशबाजी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



श्री हनुमानलला सेवा समिति मण्डला के तत्वाधान में श्रीराम लला की प्राणप्रतिष्ठा के अवसर पर 22 जनवरी शाम 5 बजे से रात्रि 7 बजे तक 1008 भव्य संगीतमय सुंदर कांड पाठ का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम की शुरुआत में पूर्व कार सेवको एवं कृषि उपज मंडी द्वारा विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी जो शहर के मुख्य मार्गो से होती कार्यक्रम स्थल तहसील पर समाप्त होगी। बैठक के दौरान बताया गया कि कार्यक्रम के पूर्व शहर के युवाओं द्वारा पूरे शहर में सफाई अभियान, माँ नर्मदा को चुनरी अर्पण, दीपदान एवम इस अविस्मरणीय दिन को भव्य बनाने के लिए पूरे शहर की सजावट की जाएगी जिसमे पूरे शहर को श्रीरामचंद्र एवं श्री हनुमान लला के बड़े बड़े 200 से ज्यादा कटआऊट लागये जाएंगे, श्रीराम नाम लिखे हुए 5000 ध्वज, शहर में सभी चौराहों में लगी महापुरषो की प्रतिमाओं पर साज सज्जा एवम प्रकाश व्यवस्था, शहर के सभी प्रतिष्ठानों में आकर्षक लाइटिंग, शहर के सभी मंदिरों में पूजा पाठ, नगरपालिका मण्डला के सामने विशाल स्वागत द्वार, तहसील के सामने भव्य आकर्षक 40x30 फीट का मंच अदभुत विधुत साज सज्जा के साथ, श्रीरामचन्द्र जी की सजीव झांकी, विशाल हनुमान जी की सजीव झांकी, सुमधुर संगीतमय सुंदरकांड पाठ, एलईडी वाल पर लाइव प्रसारण, शहर के मुख्य चौराहों पर एलईडी वाल में सुंदरकांड पाठ का प्रसारण, पाठ के दौरान पुष्प वर्षा, 2 से 3 घंटे की आतिशबाजी, 22 से ज्यादा विशाल भंडारे के पंडाल लागये जाएंगे। जिसमे ये भंडारे सर्व समाज के सहयोग से ये भंडारा आयोजित होगा। इससे पूर्व कार सेवको एवं कृषि उपज मंडी द्वारा विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी जो शहर के मुख्य मार्गो से होती कार्यक्रम स्थल तहसील पर समाप्त होगी। श्री हनुमानला लला सेवा समिति ने मण्डला के सभी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुचकर कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाने की अपील की है।



### 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत.............................

**मण्डला।** अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) निवास ने ग्राम सिंगौधा निवासी महेश की 13 मार्च 2023 को पानी में डूबने से मुत्यु हो जाने के कारण मृतक के निकटतम वारसान के रूप में पत्नि सुकलवती को 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता की राशि स्वीकृत की है।

## जनसुनवाई में कलेक्टर ने 75 आवेदकों की सुनी समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



जिला योजना भवन में आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने विभिन्न क्षेत्रों के आवेदकों की समस्याएं सुनी। जनसुनवाई में 75 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रशासन के समक्ष प्रस्तुत किए। कलेक्टर ने सभी आवेदकों की समस्याओं को सुनते हुए उनके निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। जनसुनवाई में सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, संयुक्त कलेक्टर अरविंद सिंह, सीएल वर्मा एवं हुनेन्द्र घोरमारे सहित संबंधित विभागों के जिलाधिकारी उपस्थित थे।

सम्पन्न हुई जनसुनवाई में ग्राम देवगांव निवासी गिरधारी लाल झारिया ने संबल योजना का सत्यापन कराने के संबंध में, स्वामी सीताराम वार्ड मण्डला निवासी लीला ने ठेकेदार द्वारा काम से निकालने के संबंध में, बीजाडांडी निवासी प्रेमवती मरकाम ने शौचालय निर्माण के संबंध में, डॉ. अम्बेडकर वार्ड मण्डला निवासी प्रियांशु ने अंतरजातीय विवाह प्रोत्साहन योजना का लाभ दिलाने के संबंध में, ग्राम जंतीपुर निवासी संतोष ने दिव्यांग प्रमाण पत्र प्रदान कराने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किए।



खबर संक्षेप

## तहसीली व पंचायती कर्मचारियों की अनुपस्थिति कर रही ग्रामीणों को परेशान

**गाडरवारा।** शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का आमजन तक लाभ दिलाने के लिए ग्राम पंचायत सचिव और पटवारी दोनों ऐसे कर्मचारी है जिनकी ग्राम मुख्यालयों पर उपस्थिति अपेक्षित रहती है, परंतु दुर्भाग्य है कि दोनो की उपस्थिति अपने मुख्यालयों मे नही होती और आम ग्रामीण उनसे मिलने के लिए उनका घर ढूंढते फिरते है। पटवारियों और सचिवों के पास एक से अधिक गांव और ग्राम पंचायतें सौंपी गई है। पटवारियों के हल्का मे 3 से 5 गांव तक रहते है, इस स्थिति में पटवारियों की कमी के चलते एक एक पटवारी को दो-दो, तीन- तीन हल्कों की जिम्मेदारी सौपकर आम लोगों की परेशानी बढ़ाकर रख दी गई है। वही ग्राम पंचायतो में भी देखा जावे तो सचिवों की कमी के चलतें भी कुछेक सचिवों को एक से अधिक ग्राम पंचायतों का काम सौंपा गया है। पटवारी व सचिव ज्यादातर शहर मे ही निवास करते है इन कर्मचारियों को निश्चित दिवसों पर मुख्यालयों पर कभी काल ही जाना होता है, जिसके चलते ग्रामीण अपने छोटे छोटे कार्यो के लिए भटकते हुए देखे जाते है? वही दूसरी ओर पटवारी अपने हल्का मे किस दिन को मिलेंगे इसकी जानकारी ग्राम पंचायत भवन मे सार्वजानिक रूप से लिखी होती है मगर इसके बाद भी वहां पर पटवारी लोग नही पहुंचते है।

## पावर हाऊसों में लग रहा गंदगी का अम्बार

**सडूमर।** जहां एक ओर देश की राजधानी में बैठकर मोदी सरकार द्वारा स्वाच्छ भारत स्वास्थ्य जनता के लिए स्वाच्छता अभियान चलाते हुए जिस प्रकार से करोड़ो रूपया खर्च करते हुए मुहिम चलाई जा रही है? वही दूसरी ओर साफ सफाई व्यवस्था को लेकर देश के प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा खुद ही अपने हाथों में झाडू लेकर जिस प्रकार से लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया गया है उसे लेकर लोगों द्वारा उनकी प्रशंसा तो की जा रही है, मगर वही दूसरी ओर देखा जावे तो आज भी इस संदेश के बाद सरकारी कार्यालयों से लेकर अनेक शासकीय संस्थाओं की स्थिति इस प्रकार से देखी जा रही है कि शायद उन्हें देश के प्रधान मंत्री द्वारा शुरू किये गये इस अभियान से कोई लेना देना ही नही है? या फिर सरकारी अधिकारियों को देश के प्रधान मंत्री की यह मुहिम मात्र एक ढाकोसला ही जान पड़ रही है? क्योंकि इस बात की सच्चाई इस समय क्षेत्र के अनेक बिजली हाऊसों में देखने मिल रही है जहां पर बताया जाता है कि गंदगी का इतना अम्बार लगा हुआ है जिससे यह बात तो स्पष्ट होते हुए जान पड़ रही है कि यहां पर शायद लम्बे समय से कोई सफाई कार्य नही हुआ है? जिसका परिणाम है कि बिजली के खम्बों सहित यहां पर स्थापित किये गये विद्युत सयंत्रों के बीच इस प्रकार से अनेक प्रकार की झाडियाँ उगते हुये देखी जा रही है, वही पूर्ण रूप से स्वच्छता अभियान को ग्रहण लगाने से नही चूक रही है।

## बेकारी से तंग आ चुके युवा, आजीविका चलाने शासकीय भूमि देने की उठा रहे मॉग

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** शहर में शैक्षाणिक संस्थाओं का जाल बिछाने से युवा शिक्षित तो हो रहे है किन्तु उन्हे मिलने वाली डिग्रियॉ नगर में रोजगार के अवसर कम होने से बेमानी साबित हो रही है, उल्लेखनीय है कि शासकीय नौकरियो का टोटा होने से शिक्षित बेरोजगार स्थानीय स्तर पर नौकरी तलाशत हुये भटक रहे हैं पर उन्हे क्षेत्र की फैक्ट्रियो में भी कथित कोटे के अनुसार नौकरियॉ नही मिल पा रही है, इस हालत में उन्हें अपना भविष्य अंधकारमय प्रतीत हो रहा है, बेकारी से तंग अनेक युवाओं ने बताया कि उनमें काम करने जज्बा, ताकत भी है पर नौकरी न रहने से वे अपने परिवार को आर्थिक सहारा नहीं दे पा रहे है, वक्त के पहलें उनकी खुशिया छिन गयी है तथा एक तरह से वे अपने परिवार पर बोझ बनकर रह गए है, उन्होने बताया कि म.प्र.सरकार की मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के तहत कई नौजवानो के बैंको से आर्थिक सहायता लेने के जो फार्म भरे थे।

### वाहन चैकिंग के नाम पर प्रशासन की चालानी कार्यवाही पर खड़े हो रहे सवाल .....?

# ट्रैक्टर ट्राली का पंजीयन कृषि कार्य के नाम पर और व्यावसायिक रूप से उपयोग करते हुये ढो रहे हैं रेत मिट्टी सहित अनेक प्रकार के सामग्री






**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** कहने के लिये तो यातायात पुलिस द्वारा आये दिन जहां तहां नाके लगाते हुये वाहनों की चैकिंग करते हुये देखा जाता है। मगर जिस तरह निम विरूद्व दौरान वलों वाहनों को नजर अंदाज करते हुये वाहन चौकिंग के नाम पर औपचारिकता निभाई जाती है वह चर्चा का विषय बनने से नही चूकती है? यदि सच्चाई पर गौर किया जावे तो नगर सहित क्षेत्र की सड़को पर जिस तरह ट्रेक्टर ट्रालियों का व्यावसायिक रूप से उपयोग करते हुये रेत, गिट्टी व मिट्टी भरकर ट्रेक्टर ट्रालियों को भर्राटे मारते हुये देखा जा रहा है वह पूर्ण रूप से नियमों के विपररित होने के बाद भी अधिकारियों द्वारा इस ओर किसी भी प्रकार से कोई ध्यान नही दिये जाने का परिणाम है कि आये दिन सड़क दुर्घटनाये घटित होना आम बात बनती चली जा रही है? क्योंकि जब किसी भी व्यक्ति द्वारा अपना ट्रेक्टर ट्राली खरीदी जाती है तो उसके द्वारा आर टी ओ विभाग में कृषि कार्य के नाम पर दर्ज इसलिये कराया जाता है कि उसमें टेक्स के रूप में कम राशि भरनी पड़ती है। मगर कृषि कार्य के नाम पर दर्ज इन ट्रेक्टर ट्रालियों का खुलेआम व्यावसायिक रूप से उपयोग होने के बाद भी कार्यवाही न होना निश्चित ही अधिकारियों की उदासीनता को उजागर करने से नही चूकता है? बताया जाता है कि कृषि कार्य के नाम पर पंजीकृत इन ट्रेक्टर ट्रालियों कास नगर सहित क्षेत्र में व्यावसायिक उपयोग धडल्ले से किया जा रहा है। इस स्थिति के चलते जहां शासन को लाखों रूपया में टैक्स के रूप में राजस्व की हानी हो रही है तो दूसरी ओर दुर्घटनाये होने पर लोगो को क्लेम लेने में भी परेशानी का सामना करना पड़ता है। जबकि इन ट्रेक्टरों का परिवहन विभाग में पंजीय कृषि कार्य के उपयोग के नाम पर रहता है मगर इसके बाद भी इन ट्रेक्टर ट्रालियों में खुलेआम व्यावसायिक रूप से हो रहे दुरूपयोग को लेकर शायद ही किसी अधिकारी द्वारा इस ओर ध्यान देते हुये कभी रेत, गिट्टी या फिर मिट्टी ढोने वाले ट्रेक्टर ट्राली को पकड़ते हुये इस सच्चाई को जानने का प्रयास किया गया हो कि उसका पंजीयन किस कार्य के लिये है? बताया जाता है कि जब ट्रेक्टर ट्राली को कृषि कार्य के नाम पर लिये जाते है तो उसमें कृषकों के नाम अनुदान भी प्राप्त होता है और ऐसे वाहनों से लोग कृषि कार्य न करते हुये व्यावसायिक धंधा मुख्य रूप से रेत, गिट्टी, सहित माल वाहन के रूप में उपयोग करते हुये देखे जा रहे है। बताया जाता है कि ट्रेक्टर ट्रालियो में सिंग्नल न होने तथा अनेक ट्रेक्टरों में मात्र एक ही लाईट जलाने के साथ साथ इन्हे जिस तेज गति से दौड़ाया जाता है कि रोत के समय सड़क दुर्घटनाओं को अंजाम देने से नही चूकते है। नियम के अनुसार बताया जाता है कि खेती किसानी का काम करने वाले किसानों द्वारा ट्रेक्टर ट्राली खरीदने पर शासन ने उन्हे कर मुक्त की श्रेणी में रखा गया है? अगर कोई व्यक्ति ट्रेक्टर ट्राली खरीदकर उसका व्यावसायिक उपयोग कर रहा है तो उसे ट्रेक्टर ट्राली का अलग अलग पंजीयन करना होता है। इसके लिये परिवहन विभाग में बतौर पंजीयन प्रत्येक दो साल बाद पंजीय का रिन्युअल करना जरूरी होता है। इसी के चलते लोगों द्वारा खरीदे गये ट्रेक्टर ट्रालियों का पंजीयन मात्र कृषि कार्यो के नाम पर कराते हुये उनका दुरूपयोग करने से नही चूक रहे है। जबकि नियम के अनुसार यदि किसी ट्रेक्टर ट्राली का पंजीयन कृषि कार्य के नाम पर हुआ है तो उसका उपयोग सिर्फ खेती किसानी से जुडे हुये कार्य में ही किया जा सकता है। मगर संबंधित विभाग तथा स्थानीय स्तर पर बैठे हुये अधिकारियों की अनदेखी का परिणाम है कि क्षेत्र में कृषि कार्य के नाम पर दर्ज इन ट्रेक्टर ट्रालियों का उपयोग कृषि कार्यो में नाम मात्र तथा व्यावसासिक कार्यो में अधिक होते हुये देखा जा रहा है। इस तरह विभाग के अधिकारियों की अनदेखी के चलते जहां क्षेत्र में घटित होने वाही सड़क दुर्घटनाओं में अधिकांश मामले इस तरह व्यावसायिक धंधे में लगे हुये इन ट्रेक्टर ट्रालियों का परिणाम देखने मिलते है तो दूसरी ओर इससे परिवहन विभाग को हर माह लाखों रूपया के रूप में टैक्स रूपी राजस्व की क्षति का सामना करने के लिये मजबूर होना पड़ रहा है? इतना ही नही इस तरह कमर्शियल रूप से उपयोग होने वाले इन ट्रेक्टर ट्रालियों की सच्चाई पर गौर किया जावे तो नगर के शासकीय चिकित्सालय मार्ग हो या फिर अन्य मार्ग पर मिट्टी लेकर जिस तरह नाबांलिगों द्वारा उन्हें तेज गति से तरह दौड़ाया जाता है कि मानो यहां पर कोई प्रतियोगिता का आयोजन चल रहा हो.....? बताया जाता है कि शहर में मिट्टी ढोने वाले इन ट्रेक्टर ट्रालियों का नियम होता है कि जो ट्रेक्टर ट्राली अधिक चक्कर लगाते हुये मिट्टी डालेगा उसे अधिक पैसा मिलेगे। क्योंकि मिट्टी ढोने वाले ट्रेक्टर ट्रालियों के लिये राउंड के हिसाब से भुगतान किया जाता है इसी के चलते यह इन ट्रेक्टरों के मालिक व चालक दोनों अपने स्वार्थ को ध्यान में रखते हुये दूसरों की जिन्दगी के साथ खुला खिलबाड़ करने से नही चूक रहे है। यदि देखा जावे तो शहर की गलियों में फर्राट मारते हुये मिट्टी ढोने वाले इन अधिकांश ट्रेक्टर ट्रालियों को नाबांलिग व बगैर लाईसेंसधारी चालक ही दौड़ाते हुये देखे जाते है? कभी भी तो स्थिति इस तरह से देखने मिलती है कि सड़क पर दौड रहे ट्रेक्टर ट्रालियों के चालकों के एक हाथ में मोबाईल फोन तो दूसरे हाथ में स्टीयरिंग होता है इस सच्चाई से ही अनुमान लगाया जा सकता है कि आखिरकार हर वर्ष पुलिस विभाग द्वारा चलाये जाने वाला सड़क सुरक्षा सप्ताह कहा तक सफल माना जा सकता है।

# भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा के लिये नगर को सजाने की हुई शुरूआत



## भंडारे के लिये रामलला की नगरी अयोध्या भेजी गई 31 क्विंटल राहर दाल

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** निश्चित तौर से आने वाली 22 जनवरी भारत वर्ष के लिये एक यादगार बनने से नही चूक पायेगी..? क्योंकि इस तारीख का जहां देशवासियों के लिये वर्षो से इंतजार था वह तारीख ज्यों ज्यो समीप आती जा रही है त्यौ त्यों लोगों में अपने राम लला के प्रति जो वर्षो से उत्साह दिलों के अंदर समाया हुआ था वह उभरकर सामने आने से नही चूक रहा है। आने वाली 22 जनवरी को नगर में फिर दीवाली की रात की तरह नजारा देखने मिलेगा और इसके लिये लोगों द्वारा अभी से अपने घरों को सजाने की तैयारियों करते हुये उन्हें लाईटिंग व अन्य प्रकार की सामग्री के साथ नई दुल्हन की तरह सजाना शुरू कर दिया गया है। वही देखा जा रहा है कि नगर सहित संपूर्ण क्षेत्र में जहां भगवान के मंदिरों पर विशेष साफ सफाई अभियान की मुहिम शुरू कर दी गई है तो दूसरी ओर अनेक लोग जो नये वाहन, आवास सहित अन्य प्रकार की सामग्री खरीदने का मन बना रहे है उनके द्वारा भी अब 22 जनवरी को यह सब कुछ करने के लिये इस तारीख को निर्धारित किया गया। वही कुछ युवा व युवतियों में तो यह देखने मिल रहा है कि जिनकी शादी समारोह की तारीखे पहले निर्धारित हो चुकी थी मगर अब उन्होंने पंडितों से मिलकर अपने विवाह की तारीखों में फेर बदल कराते हुये 22 जनवरी को विवाह कराने के लिये निर्धारित किये जाने का प्रयास करते हुये देखे जा रहे है। इस प्रकार से सिर्फ नगर ही नही बल्कि संपूर्ण देश में 22 जनवरी की तारीख को यादगार बनाने के लिये अनेक प्रकार के जनत किये जा रहे है। वही दूसरी ओर गाडरवारा शहर की राहर दाल हमारे प्रदेश के साथ साथ विदेशों में भी पहुंच बनाते हुये जिस तरह अनोखी पहचान बनाई गई है। वही गाडरवारा की दाल बीते हुये दिवस राम भक्तों द्वारा अयोध्या नगरी में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा के दौरान होने वाले भंडारे में शामिल करने के लिये बीते हुये दिवस एक ट्रक राम रथ की तरह सजाते हुये उसमें 31 क्विंटल दाल जिसकी अनुमानित कीमत चार लाख आठ हजार 500 रूपया बडे ही श्रद्धाा भाव के साथ रथ रूपी ट्रक का पुरानी गल्ला मंडी में पूजन करते हुये भेजी गई। इतना ही नही गांव गांव देखा जा रहा है कि भगान राम की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर गांवों में पहुंचे हुये अक्षय कलशों की शोभाaयात्रा निकालते हुये जहां लोगों द्वारा कन्याओं का पूजन किया जा रहा है और जहां तहां अक्षत कलश यात्राओं के आयोजन बडे ही धूमधाम से होने के चलते गांवो की सूरज को अयोध्या नगर की तरह बनाने में कोई कसर नही छोडी जा रही है।

## दस साल पहले ग्राम बरहटा में हुये मोर के शिकार की घटना को लेकर आज भी आरोपी की खोज में वन विभाग के हाथ खाली.......?

**हरिभूमि न्यूज/कौडिया।** क्षेत्र में लगातार उजड़ रहे जंगलों की रक्षा करने में असफल हो रहे वन विभाग के अधिकारियों की उदासीनता का परिणाम है कि जहां जंगल तो बीरान हो ही रहे है तो दूसरी ओर जंगली जानवरों की जिन्दगी भी अब असुरक्षित महसूस की जाने लगी है? क्योंकि जिस तरह से जंगल क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे शोरगुल के चलते जंगलों में निवास करने वाले जंगली प्राणी अब गांवो की ओर अपना रूख कर रहे है और वह शिकारियों के हाथों बेमौत मरने से नही चूक पाते है। इस तरह वन्य प्राणियों का शिकार करने वाले आरोपियों की खोज करने में वन अधिकारियों की असफलता निश्चित तौर से उरकी उदासीनता की पोल खोजने से नही चूक पा रही है? जिसकी सच्चाई कुछ साल पहले समीपस्थ ग्राम बरहटा में हुये राष्ट्रीय पक्षी मोर के शिकार को लेकर देखा जा रहा है। इस तरह राष्ट्रीय पक्षी मोर के शिकार की सच्चाई पर गौर किया जावे तो 10 साल का लम्बा समय बीत जाने के बाद भी शिकारी की खोज करने में वन विभाग के अधिकारियों के हाथ आज भी खाली के खाली ही नजर आ रहे है..? इस संबंध में बताया जाता है कि लगभग लगभग 10 साल पहले यानि की 4 अगस्त 2014 को गाडरवारा पुलिस थाने के अंतर्गत आने वाले ग्राम बरहटा बरेली में गांव के पास आये दिन घूमने वाले एक मोर का शिकार इस तरह से किया गया था कि घटना स्थल पर सिर्फ मोर के पंख ही मिले थें...? इस तरह मोर का शिकार होने की सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर मृत मोर के शव का पंचनामा बनाते हुए उसके शव को जप्त किया गया था। वही मौके पर पाये गये मृत मोर का एक पैर टूटा हुआ तथा पंख बिखरे हुये पाये जाने की स्थिति को देखते हुए स्पष्ट लग रहा था कि मोर का शिकार किया गया है तथा आरोपी द्वारा मोर का मांस निकालने के लिए ही उसके धड को सिर से अलग करने के साथ साथ पंख भी छील दिये गये थें..? वही सूचना के आधार पर पहुंची बन विभाग की टीम द्वारा पंचनामा व जप्ती की कार्यवाही करते हुये इस बात का भरोसा दिलाया गया था कि इस तरह राष्ट्रीय पक्षी का शिकार करने वाले आरोपी को किसी भी स्थिति में छोड़ा नही जावेगा...? मगर इस सच्चाई वह घटना को आज लगभग 10 वर्ष से भी अधिक का समय बीत चुका है और आरोपी की खोज में वन विभाग के हाथ दस साल पहले की तरह आज भी खाली के खाली ही नजर आते हुये देखे जा रहे है..? इस प्रकार से वन विभाग की उदासीनता के चलते जहां क्षेत्र का जंगल तो उजड़ ही रहे है साथ ही साथ जंगली जानवरों का शिकार होना भी अब आम बात होती चली जा रही है..? यदि सच्चाई पर गौर किया जावे तो इस समय जिस प्रकार से क्षेत्र के जंगल उजड़ रहे है उसकी सच्चाई को देखते हुए यह जान पड़ रहा है कि शायद वन विभाग के अधिकारी जंगल में सिर्फ मंगल मनाने में ही लगे हुए है और इसका परिणाम है कि क्षेत्र के जंगल के जंगलों की सुरक्षा भगवान भरोसे हो चुकी है..? यह बात अलग है कि कागजों की हिसाब से तो जंगल क्षेत्र में अधिकारियों व कर्मचारियों की नियुक्ति बनी हुई है। मगर अप डाऊन प्रवृति के चलते चल रही जंगलों की रखबारी की सच्चाई शायद ही किसी से छिपी नही होगी और निष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वाहन किस तरह से किया जा रहा है यह बात जंगलों में कट रही इमरत लकड़ी व आये दिन वन प्राणियों का हो रहा शिकार अपने आप ही वन अधिकारियों की भूमिका को उजागर करने में कोई कसर नही छोड़ रहा है।

## आइसना पत्रकार संगठन द्वारा 11 फरवरी को किये जाने वाले कार्यक्रम को लेकर बैठक का किया आयोजन



**हरिभूमि न्यूज/सालीचौका।** पत्रकार साथियों की समस्या हो या फिर अन्य किसी बात को लेकर आइसना पत्रकार संगठन द्वारा अपनी साथियों की लड़ाई को प्रमुखता के साथ लड़ने में अपनी अलग पहुंचान बना चुका है। वही दूसरी ओर संगठन द्वारा हर वर्ष अपने वरिष्ठ साथियों को सम्मान देने के लिये कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। इसी के चलते इस वर्ष भी 11 फरवरी को आयोजित किये जाने वाले सम्मान समारोह की त्यौरियों को लेकर बीते हुये दिवस बैठक का आयोजन गाडरवारा में किया गया। बताया जाता है कि इस बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष पहलाद कौरव, संभागीय अध्यक्ष मनजीत छाबड़ा ,जिला अध्यक्ष राजेश लोधी ,संभागीय महासचिव शिल्पी जैन, संभागीय उपाध्यक्ष जसवंत शर्मा ,नगर अध्यक्ष पारस सोनी सहित दीप तिवारी, ब्रजेश रजक ,सचिन जोशी ,चंदू पटेल सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थें। जिसमें सभी ने अपने-अपने कार्यक्रम को लेकर सुझाव दिए कैसे कार्यक्रम को और बड़े स्तर तक लेज ाया जाये क्योंकि बीते हुये 5 सालों से यह आयोजन ब्रम्हाजी की तपों भूमि बरमान घाट नर्मदा तट पर आयोजित किया जाता रहा है। इस मौके पर संगठन से जुड़ी हुई महिला पत्रकार मालती गुजर के पति के निधन पर सभी साथियों ने शोक प्रकट करते हुये श्रद्वासुमन अर्पित किये गये।

## कौड़िया सहित आसपास के कई गांवों में नहीं रूक रहा मादक पदार्थो का अवैध कारोबार, अब स्मैक ने भी पाव पसारना शुरू किया?

**हरिभूमि न्यूज/कौड़िया।** इस समय क्षेत्र में पूर्णरूप से आराजकता का माहौल निर्मित होता जा रहा है, इसे पुलिस की उदासीनता कहा जावे या फिर मिलीभगत? अब सच्चाई जो भी मगर इस समय कौड़यिा सहित कई गांवों में खुलेआम जहां अफीम व गांजे की अवैध बिक्री हो रही है, वही क्षेत्र में स्मैक जैसा जहर ने भी अपने पैर पसारना शुरू कर दिया है, जिसके कारण इसकी गिरप्त में कई युवक आते जा रहे है? जनचर्चाओं से पता चल रहा है कि इन अवैध धंधों के चलते ही क्षेत्र में देह व्यापार का धंधा भी खुलेआम पनपने हुये दिखाई देते हुये जान पड़ रहा है, जिसका खुला नजारा बाहर से आने वाली छैल छबीली युवतियाँ लोगों के खेतों पर बने कुओं के मकानों व अन्य स्थानों पर अपनी फीस के बदले सेवाएं देने की जनचर्चाएं आम बन चुकी है? आम जन की माने तो यह युवतियाँ शहरों से आकर क्षेत्र का महौल बिगड़ने में पीछे नही, क्योंकि इनकी सुन्दरता के चलते युवक इनकी एक मुस्कान के दीवाने होकर बर्बादी की कगार पर जा रहे है। इस संबंध में पुलिस की भूमिका को लेकर लोगों का कहना है कि या तो पुलिस उदासीन हो रही है या फिर पुलिस की मिलीभगत का ही परिणाम है जिसके कारण कौड़यिा क्षेत्र में यह सब खुलेआम चल रहा है। जिस प्रकार से कौड़यिा सहित आस पास के क्षेत्र में खुलेआम मादक पदाथों की बिक्री, देह व्यापार व क्षेत्र में जुआ सहित सट्टे का अवैध कारोबार धडल्ले के साथ चल रहा है और पुलिस को पता न हो ऐसा होना मुश्किल है? इससे यह बात पूर्णरूप से स्पष्ट नजर आ रही है कि इस प्रकार के कृत्य बगैर पुलिस की मिली भगत से संभव नही हो सकते है? जिस प्रकार से यह कृत्य हो रहे है, इन्ही का परिणाम है कि क्षेत्र में चोरी जैसे व अन्य अपराधिक घटनाएं भी घटित हो रही है, यदि समय रहते पुलिस अधिकारियों द्वारा इस ओर ध्यान नही दिया गया तो निश्चित तौर एक कौड़यिा क्षेत्र स्मैक पावडर व अन्य मदाक पदार्थों के साथ साथ देह व्यापार का एक प्रमुख गढ़ बन जावेगा?

# कामती राष्ट्रबंधु स्मारक के पास फैला हुआ अतिक्रमण व खुलेआम मांस मछली के विक्रय होना बन रहा परेशानी का कारण

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** इस समय क्षेत्र के राष्ट्रीय स्तर के प्रमुख माने जाने वाले गाडरवारा पिपरिया मार्ग की स्थिति इस प्रकार से देखने मिल रही है कि जहां तहां निकल रहे गड्डे वाहन चालकों के लिये पेरशानी का कारण तो साबित होते हुये देखे जा रहे है। वही दूसरी ओर इस मार्ग पर आये दिन घटित होने वाली घटनाओं के चलते अनेक लोग अपने जिन्दगी भी गवा चुके है? क्योंकि जहां सड़क की स्थिति लगातार जर्जर होने के बाद भी इसके सुधार की ओर किसी के भी ध्यान नही दिया जा रहा है। वही दूसरी ओर इस मार्ग के किनारे पड़ने वाले गांवों में सड़क किनारे फैल रहे अतिक्रमण दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण साबित होने से नही चूक पा रहा है?



कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय समीपस्थ ग्राम कामती में देखने मिल रही है। बताया जाता है कि इस मार्ग पर पढ़ने वाले ग्राम कामती के प्रमुख स्थल राष्ट्र बंधु स्मारक के पास जिस प्रकार से लोगों द्वारा अतिक्रमण करते हुये अपने दुकाने सजाई गई है उसके चलते वाहन चालकों से लेकर आम लोगों की जिन्दगी के लिये खतरा पैदा होने से नही चूक पा रहा है। क्योंकि यह स्थल इस प्रकार से माना जाता है कि यहां पर सड़क का प्रमुख मोड़ होने के कारण जहां वाहन चालकों को सामने से आने वाला वाहन दिखाई नही देता है। वही दूसरी ओर जब कोई वाहन अचानक दूसरे वाहन के सामने आ जाता है तो इस मोड़ पर फैले हुये अतिक्रमण के चलते वाहन चालक अपने वाहन को सड़क की साईड में ले जाने की स्थिति में भी नही होता है जिसके चलते इस स्थल पर आये दिन वाहनों की टक्कर होना आम बात हो चुकी है? वही दूसरी ओर देखा जावे तो प्रदेश में मुख्य मंत्री द्वारा खुले स्थान पर मांस मछली विक्रय को लेकर प्रतिबंध लगाते हुये अधिकारियों को कार्यवाही करने के सख्त आदेश जारी किये गये है। मगर प्रशासन की उदासीनता तथा ग्राम के कुछ प्रभावशाली लोगों के संरक्षण में यहां पर मुख्य मार्ग किनारे ही खुलेआम मांस मछली विक्रय होते हुये देखा जा रहा है। मुख्य रूप से देखा जावे तो ग्राम कामती चौराहा से लेकर खैरी की ओर जाने वाले मार्ग तथा आमगांव की ओर जान वाले रास्ते के किनारे खुलेआम मांस मछली विक्रय होने की सच्चाई देखते हुये लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस सच्चाई को पंचायत से लेकर तहसील स्तर पर बैठे हुये अधिकारियों द्वारा नजर अंदाज किये जाने का परिणाम है कि इस तरह प्रतिबंध के बाद भी खुलेआम मांस मछली विक्रय करने वालों के खिलाफ कार्यवाही न होना अधिकारियों की कार्यशैली संरक्षण की मुद्रा में प्रतित होने से नही चूक रही है तो दूसरी ओर प्रदेश के मुखिया द्वारा दिये गये आदेश की अव्हेहना होने से भी नही बच पा रही है? इस तरह खुले मैदान में विक्रय हो रही मांसाहारी सामग्री तथा यहां पर फैले हुये अतिक्रमण को लेकर प्रशासन द्वारा जिस प्रकार से लगातार नजर अंदाज किया जा रहा है उसके चलते यह अनुमान लगने से नही चूक रहा है कि शायद प्रशासन में बैठे हुये अधिकारी ही यहां पर किसी बड़ी घटना का इंतजार कर रहे हो...? यदि समय रहते हुये यहां पर फैले हुये अतिक्रमण की ओर ध्यान नही दिया गया तो निश्चित ही ग्राम कामती में किसी दिन कोई बड़ी घटना घटित होने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है?

## खबर संक्षेप

### 22 जनवरी को शुष्क दिवस घोषित

**डिंडौरी ।** कलेक्टर श्री विकास मिश्रा ने 22 जनवरी 2024 को श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के अवसर पर जिले की समस्त देशीध्विदेशी मदिरा की कम्पोजिट मदिरा दुकानों एवं देशी भण्डागार हेतु एक दिवस के लिए शुष्क दिवस घोषित किया है। जारी आदेश के मुताबिक समस्त मदिरा की दुकानें 22 जनवरी दिन सोमवार को सीलबंद रहेंगी। शुष्क दिवस के दौरान डिण्डौरी जिले की समस्त देशीध्विदेशी मदिरा की कम्पोजिट दुकानों से मदिरा का विक्रय व व्यक्तिगत भण्डारण, संग्रहण, परिवहन, आयात-निर्यात पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

### रिक्त पदों की भर्ती संबंधी विज्ञप्ति मिथ्या एवं भ्रामक

**डिंडौरी ।** सीईओ जिला पंचायत सुश्री विमलेश सिंह ने बताया कि कुटुम्ब स्वास्थ्य संगठन द्वारा चलाया जा रहा रिक्त पदों की भर्ती संबंधी विज्ञप्ति मिथ्या एवं भ्रामक है। उल्लेखनीय है कि कुटुम्ब स्वास्थ्य संगठन के द्वारा विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रम को गांव गांव तक पहुंचाने के लिए स्वास्थ्य मित्र की हर ब्लॉक एवं ग्राम पंचायत स्तर पर पदों की भर्ती की जा रही हैं। उक्त शीर्षक से मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्मों पर विज्ञप्ति प्रसारित की जा रही है। इस संबंध में कार्यालय जिला पंचायत डिंडोरी द्वारा उक्त विज्ञप्ति का खण्डन करते हुए बताया गया है कि जिला प्रशासन डिंडौरी एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग डिंडौरी से विज्ञप्ति का कोई संबंध नहीं है। इस तरह का विज्ञापन इस कार्यालय अथवा पंचायत के माध्यम से प्रकाशन नहीं कराया गया है। यह विज्ञप्ति पूर्ण रूप से मिथ्या एवं भ्रामक है।

### नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त

**डिंडौरी ।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विकास मिश्रा ने 25 जनवरी 2024 को जिला स्तर पर 14वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाए जाने हेतु अनुविभागीय अधिकारी राजस्वध्रजिस्ट्रीकरण अधिकारी 104 डिंडोरी को नोडल अधिकारी एवं नायब तहसीलदार शाहपुर श्री शशांक शेंडे को सहायक नोडल

### बैंक के पासबुक एंट्री मशीन महीनों से पड़ा खराब

**शहपुरा।** नगर स्थित बैंक आफ इंडिया में आए दिन बैंक पासबुक मशीन कई महीनो से खराब है ग्राहक आए दिन परेशान हो रहे हैं ग्राहकों को कहा जाता है की स्टेटमेंट निकलवाए जिससे कि बैंक को पैसे देना पड़े जिससे ग्राहक काफी लंबे समय से परेशान है लेकिन ग्राहकों की समस्या अभी हल होने का नाम नहीं ले रहा है अधिकारी मशीन को सुधरवाने को लेकर आजकल आजकल करके और ग्राहकों को परेशान करने में लगे हुए हैं ठंडा व प्दिकपं में लगी पास बुक प्रिंट मशीन विगत 1 महीने से खराब है। यहां लोग प्रतिदिन पासबुक प्रिंट कराने आते हैं और मशीन खराब देखकर वापस चले जाते हैं। बुधवार को भी बुजुर्ग पेंशनर्स सहित अन्य कई लोग अपने पासबुक एंट्री करने आए। लेकिन मशीन खराब रहने के कारण पासबुक एंट्री नहीं हो पाया। यहां प्रिंटर खराब रहने की बात कहते हुए बैंक कर्मियों ने अपना पल्ला झाड़ दिया। इस संबंध में पूछे जाने पर प्रभारी ब्रांच मैं बैठे अधिकारियों को कहना है कि आज नहीं कल बन जाएगा लेकिन यह लगभग 1 महीने से यही हाल है। उन्होंने कहा कि यहां यह मशीन नहीं बनता है इसे बनवाने के लिए बाहर भेजना पड़ेगा इसीलिए पासबुक एंट्री नहीं किया जा रहा है और इतना कहकर के पल्ला झाड़ लेते हैं। मैं कई दिनों से बैंक आफ इंडिया का चक्कर काट रही हूं मुझे अपने बैंक पासबुक की एंट्री करानी थी ।

# भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व जिले में होंगे विभिन्न कार्यक्रमः कलेक्टर

**पीएम जनमन योजना के तहत शत प्रतिशत हितग्राहियों को करें लाभान्वित**

**सोमवार को समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने दिये निर्देश**





कलेक्टर विकास मिश्रा ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक ली। इस दौरान बैठक में अपर कलेक्टर श्री सरोधन सिंह, सीईओ जिला पंचायत सुश्री विमलेश सिंह, संयुक्त कलेक्टर श्री सुनील शुक्ला, डिप्टी कलेक्टर श्री आर.पी. तिवारी, एसडीएम सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।

उक्त बैठक में कलेक्टर श्री मिश्रा ने बैगा परिवारों का निःशुल्क जाति प्रमाण पत्र बनाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने राजस्व प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश भी दिए हैं। नगर परिषद डिंडोरी में नर्मदा नदी के किनारे सड़क पर लगाई जाने वाली दुकानों को सुव्यवस्थित करने करने को कहा है। साथ ही साफ सफाई नियमित बनाए रखने और खुले में मछली, चिकन, शराब आदि विक्रय करने वालों के विरुद्ध सख्ती से कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। पीएम जनमन योजना के अंतर्गत शत प्रतिशत आधार कार्ड और वनाधिकार पट्टा जारी करने को कहा गया है।

### जिले में होंगे विभिन्न कार्यक्रम

22 जनवरी 2024 को अयोध्या में श्री राम जी के स्वरूप की प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व एवं 22 जनवरी को राज्य शासन के निर्देशानुसार विभिन्न कार्यक्रम एवं गतिविधियां सम्पादित की जायेगी। इन कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित कर उनकी सहभागिता की व्यवस्था बनाई गई है। मंदिर पवित्र नदियों,जलाशयों में दीपदान एवं प्रकाश व्यवस्था 22 जनवरी को की जाएगी। शहरों एवं ग्रामों में रोशनी एवं हर घर दीप प्रज्ज्वलन 22 जनवरी को किया जाएगा। 22 जनवरी तक होने वाले समस्त गतिविधियों का व्यापक प्रचार-प्रसार एवं 22 जनवरी को श्रीराम की प्राण- प्रतिष्ठा का सजीव प्रसारण जिले के प्रमुख मंदिरों में एलईडी के माध्यम से किया जाएगा। स्थानीय कलाकारों एवं संस्थाओं से श्रीराम-जानकी जी से संबंधित चित्र, फिल्म, रंगोली आदि का प्रदर्शन किये जाने के साथ ही आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक परिचर्चा, नृत्य-नाटिका, भजन संध्या का आयोजन भी किया जाएगा। इसमें सभी जनप्रनिधियों ने जिलेवासियों से सहभागिता करने की अपील भी की है।

### उत्कृष्ट कार्य करने वाले 'स्टार ऑफ द मंथ से हुए सम्मानित

कलेक्टर श्री विकास मिश्रा ने समय-सीमा की बैठक खेल के प्रति महिलाओं की जिद कार्यक्रम में पोषण सखी के रूप में महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण कराने और पोषण आहार व पोषण वाटिका के बारे में जानकारी देने के लिए प्रदान एवं आजीविका संस्था से सुश्री नानबाई धुर्वे, सुश्री सीता बघेल, सुश्री हेमवती सलाम, सुश्री श्यामवती मरावी और सुश्री राजेश्वरी को स्टार ऑफ द मंथ से सम्मानित किया। इसी प्रकार से खेल के प्रति महिलाओं की जिद के तहत ग्राम झनकी में सास-बहू-ननद मैराथन दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली जोड़ी में सास श्रीमती सरिता, बहू श्रीमती सहिद्री व ननद सुश्री श्रीवती को स्टार ऑफ द मंथ से सम्मानित किया। श्री मोती सिंह सारीवान को नावार्ड बाड़ी योजना के अंतर्गत फलदान वृक्षारोपण करने व जैविक खेती कर जिले के उत्कृष्ट उदाहरण बनने पर स्टार ऑफ द मंथ से सम्मानित किया है। कलेक्टर श्री विकास मिश्रा ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किये हैं कि कार्यालयों में कार्यरत शासकीयध्अशासकीय अधिकारियों-कर्मचारियों के वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाना सुनिश्चित करें। 20 जनवरी 2024 तक सभी अधिकारी अपने कार्यालयों के अधीनस्थ अधिकारी-कर्मचारियों का वोटरलिस्ट में नाम जुड़वाकर प्रमाण पत्र प्रस्तुत करेंगे। उन्होंने कहा कि कोई भी अधिकारियों-कर्मचारियों के नाम वोटरलिस्ट में नहीं होने की स्थिति में उनके वेतन आहरण में रोक लगा दी जाएगी। कलेक्टर श्री मिश्रा ने टीएल बैठक में बताया कि केन्द्र एवं राज्य शासन की विभिन्न योजनाओं का सभी पात्र हितग्राहियों को लाभ पहुंचाने तथा योजनाओं से हुये विकास से आम लोगों को अवगत कराने विकसित संकल्प भारत यात्रा जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में 26 जनवरी तक संचालित रहेगी। हितग्राहियों को योजनाओं का मौके पर ही लाभ दिलाने के लिए विभिन्न विभागों द्वारा शिविर का आयोजन प्रत्येक ग्राम पंचायत में हो। इस यात्रा को प्रभावी बनाने के लिए लोगों की सहभागिता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि कोई भी पात्र हितग्राही योजनाओं का लाभ लेने से वंचित न रहे। जहां यात्रा पहुंचने में समय है वहां केन्द्र शासन की योजनाओं का लाभ लेने से शेष रह गये हितग्राहियों को अभी से चिन्हित कर ऐसे हितग्राहियों से आवेदन लेकर यात्रा के दौरान ही उन्हें हितलाभ प्रदान किया जाए। यात्रा के दौरान की प्रत्येक गतिविधि को पोर्टल पर समय पर ऑनलाइन वीडियो और फोटो अपलोड करने के निर्देश भी दिये। प्रत्येक ग्राम पंचायत स्थल पर आयुष्मान कार्ड के वितरण, नये आयुष्मान कार्ड बनाने, किसान क्रेडिट कार्ड, ई-केवायसी एवं आधार अपडेशन, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के पात्र परिवारों की पात्रता पर्ची बनाने के शिविरों के साथ-साथ बैंको से जुड़ी प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री बीमा सुरक्षा योजना एवं अटल पेंशन योजना के लिये भी अलग से स्टॉल लगाये जायें। बैंकर्स एवं गैस एजेंसी का स्टाफ भी इसमें मौजूद रहें।



## नर्मदा तटों में उमड़ा आस्था का सैलाब, लगाई डुबकी किया दान

**हरिभूमि न्यूज मेंहदवानी ।** मकर संक्रांति पर्व पर सोमवार को मेंहदवानी क्षेत्र के नर्मदा तटों पर आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा और श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाकर पूजन अर्चन कर दान कर पुण्य लाभ लिया। कोसमघाट में इस बार पिछले वर्ष की तुलना में और अधिक श्रद्धालुओं का जमावड़ा लगा रहा। क्षेत्रीय लोगों सहित दूर दूर से आए श्रद्धालुओं ने नर्मदा तटों में भोजन बनाया और खाया वहीं जगह जगह भण्डारे का आयोजन भी किया गया था जहां लोगों को भोजन प्रसाद वितरण किया गया। जगह जगह हवन पूजन के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। कुटरई घाट एवं कोसमघाट में मकर संक्रान्ति के अवसर पर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी मेला लगा हुआ है जहां लोग जमकर खरीदारी कर रहे हैं। कुटरई घाट में मेंहदवानी के कलाकारों द्वारा तीन दिनों तक वनवासी रामलीला का मंचन किया गया जहां केन्द्रीय मंत्री फग्गनसिंह कुलस्ते ने भगवान राम की आरती उतारी वहीं कोसमघाट मेले में रात्रि में छत्तीसगढ़ी कार्यक्रम का आयोजन किया गया जहां छत्तीसगढ़ से आए कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति दी। मेले में प्रशासनिक अमला सहित पुलिस बल तैनात रहा जिससे कहीं अप्रिय घटनाएं नहीं घटी। मकर संक्रांति पर्व पर डिण्डौरी जिले के सभी नर्मदा तटों पर लगा श्रद्धालुओं का मेला

### कलेक्टर ने पीएम जनमन योजना के तहत ग्रामीणों को दी योजनाओं की जानकारी

## ग्रामीणों की समस्याओं का किया निराकरण



डिंडौरी ।

कलेक्टर श्री विकास मिश्रा ने प्रधानमंत्री जनमन योजना अंतर्गत बैगान टोला ग्राम खमरिया माल में चैपाल आयोजित कर लोगों को शासन की योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने ग्रामवासियों से चर्चा की, गांव के लोगों ने बताया कि गांव में पेयजल तथा पानी की समस्या है, जिस पर कलेक्टर श्री मिश्रा ने पीएचसी विभाग तथा विद्युत विभाग को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। ग्रामीणों ने एप्रोच रोड की मांग की। इसके बाद गांव में मनरेगा के कार्य, मजदूरी भुगतान आदि की जानकारी ली गई। कलेक्टर ने गांव की ही पढ़ी लिखी बहु को मेट बनाने को कहा है। इसी प्रकार से उन्होंने गांव की अन्य मूलभूत आवश्यकताओं और सुविधाओं के संबंध में अवगत हुए व अधिकारियों को निर्देश दिए।

कलेक्टर विकास मिश्रा ने ग्राम पिपरिया में ग्रामीणों को दी योजनाओं की जानकारी, सुनी समस्याएं कलेक्टर श्री विकास मिश्रा ने आज प्रातः प्रधानमंत्री जनमन योजना अंतर्गत ग्राम पिपरिया ग्राम पंचायत मेर माल में लोगों को शासन की योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने ग्रामवासियों से चर्चा की और गांव की मूलभूत को दुरुस्त करने अधिकारियों को निर्देश दिए।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा'के तहत हितग्राहियों को शासन की योजनाओं से किया जा रहा लाभांवित



डिंडौरी।

आज विकासखण्ड समनापुर के ग्राम किवटी में कार्यक्रम आयोजित की गई सर्वप्रथम ग्रामवासियों ने कलश यात्रा के साथ बडे धूमधाम व हर्षोउल्लास के साथ यात्रा का स्वागत किया गया। सम्पूर्ण जिले में 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें नागरिकों के बीच पहुँचकर उन्हें शासन की योजनाओं से लाभांवित किया जा रहा है। आयोजित कार्यक्रमों में शिविर लगाकर योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार कर आवेदन लिये जा रहे हैं, वहीं स्वास्थ्य कैंप के माध्यम से उपचार भी दिया जा रहा है। आयोजित 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' में जनमानस को संबोधित करते हुए शासन के द्वारा दी जाने वाली योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी। बताया गया कि जो ग्राम क्षेत्र में योजना से वंचित हैं उन्हें आवेदन भरवाकर पेंशन, आयुष्मान कार्ड, पीएम आवास, उज्जवला योजना, लाडली बहना, लाडली बेटी, सुकन्या योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना सहित अन्य योजनाओं के बारे में जानकारी दी। इस कार्यक्रम में शासन की विभिन्न योजनाओं के तहत हितग्राहियों को लाभांवित जा रहा है। कार्यक्रम के अंत में संकल्प यात्रा में शामिल आम जनता एवं अन्य को ''हमारा संकल्प विकसित भारत की प्रतिज्ञा लेता हूंध लेती हूं' की शपथ दिलाई गई। यात्रा की रथ में लगे एलईडी वॉल के माध्यम से केन्द्र शासन की योजनाओं पर आधारित वीडियो संदेश भी दिखाया गया। टीबी के मरीजों को जीवनदायिनी निक्षय पोषण आहार भी प्रदान किये गए।



## मेंहदवानी के सरकारी अस्पताल में मरीजों के पलंग पर कुत्तों का कब्जा

**विधायक एवं कलेक्टर के आकस्मिक निरीक्षण के बाद भी अस्पताल प्रबंधन लापरवाह**

हरिभूमि न्यूज मेंहदवानी।

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मेंहदवानी इन दिनों विभागीय लापरवाही के चलते चर्चाओं में है। हाल ही में कुछ दिन पूर्व अस्पताल प्रबंधन की शिकायत मिलने पर क्षेत्रीय विधायक ओमप्रकाश धुर्वे अस्पताल का औचक निरीक्षण कर चुके हैं जहां कई खामियां देखने को मिला था। विधायक ओमप्रकाश धुर्वे ने इसकी शिकायत उन्होंने कलेक्टर डिंडौरी से की थी। कलेक्टर विकास मिश्रा ने मामला को संज्ञान में लेते हुए दूसरे दिन ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मेंहदवानी पहुंचकर वहां की साफ सफाई, दवाईयों का स्टाक देखी एवं वार्ड में भर्ती प्रसूताओं सहित अन्य मरीजों से जानकारी लेकर बीएमओ को आवश्यक दिशा निर्देश दिए थे। वावजूद इसके अस्पताल प्रबंधन लापरवाही बरतने से बाज नहीं आ रहा है।

### मरीजों के पलंग में बैठा कुत्ता,वीडियो वायरल

मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मेंहदवानी के पलंग पर कुत्ता के बैठने का वीडियो वायरल हो रहा है जिससे अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही की पोल खुल रही है हालांकि हरिभूमि न्यूज इस फोटो वीडियो की पुष्टि नहीं करता। इसके पूर्व भी पलंग पर कुत्तों के बैठने का वीडियो वायरल हो चुका है जिसमें ठंड के मौसम में ही तीन-चार कुत्ते अलग अलग पलंग पर बैठे नजर आ रहे थे।

### मरीजों के जान से खिलवाड़ गम्भीर मामला है

अस्पताल के जिस पलंग पर कुत्ते बैठते हैं उस पलंग पर इमरजेंसी केस को लाकर सबसे पहले लिटाते हैं और उपचार किया जाता है ऐसी स्थिति में मरीज के बदन पर कुत्ते के बाल सहित गंदगी सम्पर्क में आ जाता है जिससे अन्य बीमारी के संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। अब देखना है सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मेंहदवानी में कब सुधार आता है।

## व्याख्याता द्वारा परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में विद्यार्थियों का पंजीयन कराया

**शहपुरा ।** शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम परीक्षा पे चर्चा 2024 मे विकास मिश्रा कलेक्टर डिंडौरी, डॉ संतोष कुमार शुक्ला सहायक आयुक्त आदिवासी विकास डिंडौरी एवं आर. एस. सिन्द्राम जिला शिक्षा अधिकारी जिला डिंडौरी के आदेशानुसार तथा डॉ डी. के. श्रीवास्तव प्राचार्य के निर्देशन में श्रीमति तृप्ति गुरुदेव व्याख्याता शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय शहपुरा जिला डिंडौरी ने अपना स्वयं का पंजीयन किया एवं शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय शहपुरा के 30 विद्यार्थी, शासकीय हाई स्कूल गुरैया के 140 विद्यार्थी, शासकीय एकिकृत माध्यमिक शाला के 61 विद्यार्थी एवं अन्य 29 विद्यार्थियों कुल 260 विद्यार्थियों को शिक्षक लॉगइन के माध्यम से परीक्षा पे चर्चा 2024 में पंजीकृत कराया।(यदि उक्त कार्यक्रम में पंजीकृत शिक्षिका या विद्यार्थियों का चयन होता है तो दिनांक 29.01.2024 को आयोजित परीक्षा पे




चर्चा 2024 कार्यक्रम में दिल्ली के भारत मंडपम,आई टी पी ओ प्रगति मैदान में सहभागिता करेंगे। इस कार्यक्रम में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा विद्यार्थियों को परीक्षाओं के दबाव से मुक्त करना और उन्हें एक स्वस्थ एवं सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने मे मदद करने एवं परीक्षा के तनाव को सफलता में बदलने,परीक्षा योद्धाओं की मुस्कान के साथ परीक्षा देने में सक्षम बनाने हेतु गुरुमन्त्र दिए जायेंगे। प्रधानमंत्री जी द्वारा परीक्षा पे चर्चा 2024 कार्यक्रम में छात्र छात्राओं को परीक्षाओं की तैयारी के लिए महत्वपूर्ण टिप्स और सुझाव दिए जायेंगे। परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में माननीय प्रधानमंत्री से चयनित छात्रो,अभिभावकों शिक्षकों के प्रश्नों का उत्तर देंगे और परीक्षाओं से जुड़े मुद्दों पर खुलकर चर्चा करेगे। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों को समझाने में मदद करता है कि परीक्षायें केवल जीवन का एक हिस्सा है और इससे डरने की आवश्यकता नही है।

